आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 02.05.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।
- शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने नई दिल्ली में एनसीईआरटी की 59वीं बैठक में प्रतिभाग किया, कहा– नई शिक्षा नीति भारत के भविष्य निर्माण की दिशा में एक मजबूत आधारशिला है।
- और... मौसम विभाग ने छह मई तक प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है।

**केदारनाथ कपाट**

विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह सात बजे पूरे विधि–विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलते ही तीर्थयात्रियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई, जिसे देख श्रद्धालु अभिभूत नजर आए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत 15 हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे।

मंदिर प्रांगण में उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा के सुचारू और सफल संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।

रुद्रप्रयाग से हमारे संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने केदारनाथ धाम और यात्रा मार्ग पर पेयजल, विश्राम गृह, शौचालय, स्वास्थ्य सेवा समेत सभी मूलभूत व्यवस्थाएं की हैं।

उधर, चमोली जिले में भी श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। आज आदिगुरु शंकराचार्य जी की डोली और पौराणिक गाडू घड़ा कलश यात्रा पाण्डुकेश्वर पहुँची। कलश यात्रा के बद्रीनाथ पहुंचने पर 4 मई को मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे।

**सतपाल महाराज**

चारों धामों पर आने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए मानव उत्थान सेवा समिति ने श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के ओर से एक निजी बीमा कंपनी के माध्यम से 10 करोड़ रुपये का दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया है। प्रदेश के धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि प्रत्येक धाम का दुर्घटना बीमा 2 करोड़ 50 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। बीमा पॉलिसी के अनुसार मंदिर परिसर में भगदड़, दैवीय जोखिम और आतंकवाद जोखिम कवर के लिए प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को एक लाख रुपये की धनराशि दी जाएगी।

धर्मस्व मंत्री ने केदारनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि श्रद्धालु यात्रा पर आने से पहले डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें और अपनी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार तैयारी करें। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान सरकार के दिशा–निर्देशों का पालन अवश्य करें।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आज देहरादून में मुख्यमंत्री ने नैनीताल और उधम सिंह नगर की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नैनीताल जिला प्रशासन को पीड़िता की देखभाल और उसके परिवार को पूरी सुरक्षा प्रदान करने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भ्रामक जानकारी देने और अफवाह फैलाने वालों को तत्काल चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। राज्य में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर श्री धामी ने अधिकारियों से कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को किरायेदारों, रेहड़ी–पटरी, अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करने वालों और अवैध रूप से प्रमाण पत्र बनवाने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई की सभी रिपोर्ट तीन दिन में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## एनसीईआरटी बैठक

शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एनसीईआरटी की महासभा की 59वीं बैठक में प्रतिभाग किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नई शिक्षा नीति–2020 के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, समावेशी शिक्षा व्यवस्था और शिक्षण पद्धतियों के नवाचार पर विशेष जोर दिया गया। डॉ रावत ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत के भविष्य निर्माण की दिशा में एक मजबूत आधारशिला है और इसके सफल कार्यान्वयन में सभी की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

## वेव्स सम्मेलन

वेव्स शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन वैश्विक मीडिया संवाद आज सुबह मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में प्रारंभ हुआ। यह आयोजन वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय वैश्विक मीडिया संवाद का आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है। विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को मिलकर साथ–साथ चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवाचार ऊंचाई तक पहुंचने की कुंजी है, जो 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण करेगी।

विधायक निधि

टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली निधि से होने वाले विकास कार्यों में समन्वय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायतें मिलती हैं कि एक कार्य अलग–अलग निधि से दो बार कराया गया है। जिससे जनता का पैसा बर्बाद होता है। नई टिहरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री उपाध्याय ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में जारी विधायक निधि में से करीब 2 करोड़ 50 लाख रुपये की योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए जारी विधायक निधि पर उन्होंने कहा कि इसके लिए जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं और दिसंबर माह तक विधायक निधि खर्च कर सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे।

मौसम

राजधानी देहरादून समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सुबह हल्की से मध्यम बारिश हुई। दोपहर में अधिकांश स्थानों पर बादल छाए रहे। कल शाम से मौसम में आए बदलाव से तापमान में गिरावट के चलते लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार छह मई तक प्रदेश में बारिश के आसार बने हुए हैं। विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश का येलो अलर्ट और चार व पांच मई को प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से जारी चेतावनी के मद्देनजर सभी को मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी गई है।